दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः– 05
अंकः– 229
मुरादाबाद
(Thursday)
11 December 2025
पृष्ठः– 08
मूल्यः– 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## असम आंदोलन का भारत के इतिहास में खास स्थान, पीएम मोदी ने स्वाहिद दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री मोदी ने स्वाहिद दिवस पर असम आंदोलन में शहीद हुए वीरों को याद किया और उनके त्याग को सलाम किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। साथ ही पीएम मोदी ने केंद्र सरकार की असम की संस्कृति और विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दोहराया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वाहिद दिवस के मौके पर असम आंदोलन में भाग लेने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने इस आंदोलन को भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान वाला बताया और केंद्र सरकार की असम के सांस्कृतिक और विकासात्मक सपनों को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि आज स्वाहिद दिवस पर हम असम आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों के साहस और त्याग को याद करते हैं।उन्होंने कहा कि यह आंदोलन हमेशा हमारे इतिहास में प्रमुख स्थान रखेगा। हम यह दोहराते हैं कि उन लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिन्होंने असम आंदोलन में हिस्सा लिया, खासकर असम की संस्कृति को मजबूत करने और राज्य के विकास के लिए।सर्बानंद सोनोवाल ने भी शहीदों को दी श्रद्धांजलि– स्वाहिद दिवस के मौके पर केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने असम आंदोलन को भव्य संघर्ष बताया। साथ ही कहा कि इसका उद्देश्य राज्य की भाषा, संस्कृति, जनसांख्यिकी और अस्तित्व की रक्षा करना था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ऐतिहासिक असम आंदोलन एक भव्य संघर्ष था, जिसने असम की पहचान और संस्कृति की रक्षा की। इस आंदोलन ने बड़े असमी समाज को राष्ट्रीय हित में एकजुट होने की प्रेरणा दी। इस आंदोलन के दौरान 860 वीर असमी शहीद हुए और अनगिनत अन्य लोगों को उत्पीड़न और स्थायी चोटें झेलनी पड़ीं। सोनोवाल ने कहा कि स्वाहिद दिवस पर हम उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने जो आंदोलन किया वह राष्ट्रीय चेतना, बलिदान और साहस का प्रतीक है और यह हर असमी को प्रेरित करता रहेगा कि वे एकजुट होकर अपने समाज और देश के कल्याण में योगदान दें।स्वाहिद दिवस और इतिहास– बता दें कि स्वाहिद दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है। यह उन शहीदों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने असम आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी। असम आंदोलन 1979 में असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएसयू) और ऑल असम गण संघर्ष परिषद (एएएसजीपी) की तरफ से शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बांग्लादेश से असम में आए घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाना था।

## राहुल गांधी के जर्मनी दौरे पर भाजपा ने कसा तंज, प्रियंका बोलीं– मोदी जी आधा समय विदेश में बिताते हैं



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सांसद राहुल गांधी की जर्मनी यात्रा पर भाजपा की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि जब पीएम मोदी आधा समय विदेश में बिताते हैं तो विपक्ष के नेता पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे और भारतीय समुदाय व जर्मन मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को पार्टी के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर भाजपा की आलोचना का जवाब दिया। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना लगभग आधा समय देश के बाहर बिताते हैं।इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के मुताबिक, राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे। इस दौरान वह भारतीय समुदाय से मिलेंगे और जर्मन मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।भाजपा ने राहुल गांधी की आगामी विदेश यात्रा पर तंज कसा और कहा कि %राहुल तो विपक्ष के नेता नहीं, बल्कि पर्यटन के नेता हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा कि संसद 19 दिसंबर तक चल रही है। लेकिन राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार चुनाव के दौरान भी राहुल विदेश में थे और बाद में जंगल सफारी पर चले गए थे।प्रियंका गांधी ने भाजपा के हमले पर पलटवार करते हुए कहा, मोदी जी अपने काम का आधा समय विदेश में बिताते हैं... फिर विपक्ष के नेता के विदेश जाने पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं?इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के जर्मनी के अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने बताया कि राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर रहेंगे और उनके साथ सैम पित्रोदा भी होंगे।

### संक्षिप्त समाचार

**बाराबंकी में दर्दनाक हादसा: दो कारों की टक्कर के बाद लगी आग, पांच की मौके पर ही मौत**

बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर घायल हैं। हादसे के समय दोनों कारों में नौ लोग सवार थे।पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार को डीह गांव के पास खड़ी वैगन आर में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा कार टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन धू–धूकर जल उठे। हादसे में महिला व किशोरी समेत पांच की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए जिनमें दो की हालत बेहद नाजुक है। दोनों वाहनों में नौ लोग सवार थे। सभी घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती करवाया गया है।हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर डीह गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक्सप्रेसवे पर खड़ी एक वैगन आर में पीछे से ब्रेजा ने टक्कर मार दी, जिससे वैगन आर में लग गई और दोनों वाहन जलने लगे। घटनास्थल पर पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग मौजूद हैं। मामले की जांच की जा रही है। सपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि एक कार गाजियाबाद की जबकि दूसरी दिल्ली की है। माना जा रहा है कि कार में पति–पत्नी और दो बच्चे थे। यह लोग पानी पीने के लिए कार रोक कर निकले थे तभी दूसरी कार आ टकराई। एसपी ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 12) इश्मा खान और घायल जीशान पुत्र गफ्फार खानपुर घोसी मऊ सवार थे।

## PM मोदी दिल नहीं, EVM हैक करते हैं...'लोकसभा में बोली कंगना रनौत, विपक्ष पर भी जमकर साधा निशाना



लोकसभा में चुनावी सुधारों पर चर्चा के दौरान कंगना रनौत ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरे साल विपक्ष ने सदन नहीं चलने दिया। इसके साथ ही उन्होंने ईवीएम के हैक के आरोपों पर कहा कि पीएम मोदी लोगों के दिलों को हैक करते हैं, ईवीएम नहीं।लोकसभा में चुनावी सुधारों पर चर्चा के दौरान सांसद कंगना रनौत ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संसद का पूरा साल विपक्ष के हंगामे में बीता और नए सांसद होने के नाते यह अनुभव उनके लिए परेशान करने वाला रहा। कंगना ने विवादों, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही रोकने के विपक्ष के तरीकों को लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ बताया। इस दौरान विपक्ष के ईवीएम हैक करने वाले आरोपों पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ईवीएम हैक नहीं करते बल्कि लोगों को दिलों को हैक करते हैं। कंगना ने अपने भाषण की शुरुआत विपक्ष के एसआईआर नारे और विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे को याद करते हुए की। उन्होंने कहा कि जब भी सरकार कोई काम आगे बढ़ाती, विपक्ष उसका विरोध करने के लिए नियमों को तोड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास न तो ठोस तथ्य हैं और न ही कोई स्पष्ट रणनीति। कंगना ने कहा कि जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बोलने उठे तो उनसे उम्मीद थी कि कोई बड़ा खुलासा होगा, पर उनका भाषण बिना तथ्यों और गंभीरता के था।कंगना ने सदन की ओर से मांगी माफी

कंगना ने विपक्ष द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय मूल की महिला की तस्वीर उठाने को गंभीर अपमान बताया। उन्होंने कहा कि उस महिला ने खुद सोशल मीडिया पर कहा था कि उसका भारत से कोई संबंध नहीं है और वह भारत कभी नहीं आई। इसके बावजूद विपक्ष ने उसकी तस्वीर का दुरुपयोग किया। कंगना ने सदन की ओर से उस महिला से माफी भी मांगी और इसे महिलाओं के सम्मान पर चोट बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार–बार महिलाओं के अपमान में शामिल होती रही है, जबकि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।ईवीएम पर आरोपों को बताया खोखला– कंगना ने ईवीएम पर विपक्ष के आरोपों को आधारहीन कहा। उन्होंने याद दिलाया कि चुनाव में गड़बड़ी की असल घटनाएं कांग्रेस शासन के दौरान बैलेट पेपर के समय हुई थीं। उन्होंने इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण केस का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनावी धांधली में एक प्रधानमंत्री तक दोषी पाई गई थीं। कंगना ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि आज कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठाती है, जबकि वास्तविक धांधलियां उसके शासन में होती थीं। उन्होंने प्रियंका गांधी के बयान पुरानी बातें न करें पर भी तंज कसते हुए कहा कि सोनिया गांधी बिना पूरी नागरिकता के भी वोट डालती रही थीं। बिहार एसआईआर पर कही ये बात– कंगना ने कहा कि बिहार में एसआईआर लागू होने के बाद 60 लाख से ज्यादा गैर–वैध वोटर आईडी रद्द किए गए। इनमें घुसपैठियों के अलावा ऐसे लोग भी शामिल थे जो इस दुनिया में नहीं रहे या कहीं और स्थानांतरित हो चुके थे। । कंगना ने बताया कि इन सुधारों के बाद ही बिहार में 67त्न की रिकॉर्ड मतदान हुआ, जो लोगों के विश्वास की बड़ी मिसाल है। वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत– कंगना ने वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करने की जोरदार मांग की और कहा कि बार–बार चुनाव होने से देश को भारी आर्थिक नुकसान होता है। 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का बोझ बार–बार चुनावों में खर्च होता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों, प्रशासन और पूरे सिस्टम पर इसकी भारी मार पड़ती है।

## HC का सवाल– 5000 का टिकट 39 हजार का कैसे हुआ? इंडिगो को निर्देश–यात्रियों को हुई परेशानी की करें भरपाई



इंडिगो की बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और यात्रियों के फंसने की घटनाओं पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए इसे गंभीर संकट करार दिया है।दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस के चल रहे संकट पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की कड़ी आलोचन की। दिल्ली हाई कोर्ट ने इंडिगो की लगातार फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीर संकट बताते हुए केंद्र सरकार से सवाल किया है कि आखिर हालात इस कदर कैसे बिगड़ गए। साथ ही हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि यात्रियों को तुरंत मुआवजा देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। इंडिगो की सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल होने से प्रभावित यात्रियों के लिए मदद और रिफंड की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हो रहा है। अदालत ने सवाल उठाया कि जब इंडिगो की फ्लाइटें बंद थीं, तो अन्य एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाते हुए टिकटों के दाम क्यों बढ़ा दिए? कोर्ट ने साफ शब्दों में पूछा कि ऐसी स्थिति में दूसरी एयरलाइंस के दाम बढ़ाने को कैसे जायज ठहराया जा सकता है।सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा, कहा कि पायलटों के लिए संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों को लागू करने में देरी और निगरानी की कमी के कारण देशभर में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और 40,000 से ज्यादा यात्री फंस गए। अदालत ने टिप्पणी की, %यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। पायलटों की थकान से दुर्घटना का खतरा बढ़ता है। नियामक संस्थाओं को पहले से सक्रिय कदम उठाने चाहिए थे।% कोर्ट ने पूछा– पांच हजार का टिकट 39 हजार तक कैसे जा सकता है? कोर्ट ने यह भी नाराजगी जताई कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद अन्य एयरलाइंस ने किराया 40 हजार रुपये तक बढ़ा दिया। पीठ ने पूछा, %क्या यह अवसरवाद नहीं है?% दूसरी एयरलाइंस को फायदा उठाने की इजाजत कैसे दी जा सकती है? जो एयर टिकट चार या पांच हजार रुपये में मिलते थे, उनके दाम बढ़ गए। यह किराया 35–39 हजार तक कैसे जा सकता है? मुआवजे में कोताही बर्दाश्त नहीं– अदालत अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित सभी यात्रियों को डीजीसीए के मौजूदा दिशा–निर्देशों और भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत पूरा मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने आगे कहा कि मुआवजा सिर्फ कैंसलेशन के लिए नहीं, बल्कि यात्रियों को हुई परेशानी के लिए भी होना चाहिए। कोर्ट ने कहा, %यात्रियों का अधिकार सर्वोपरि है। किसी भी हाल में मुआवजे में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।%सरकार ने कोर्ट में कही ये बात वहीं, केंद्र और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया पूरी तरह लागू है और इंडिगो को शो–कॉज नोटिस जारी किया जा चुका है। केंद्र ने कहा कि एयरलाइन ने अपनी गलती के लिए माफी भी मांगी है और स्थिति सुधारने का आश्वासन दिया है। 22 जनवरी को होगी अगली सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, %हमने इस आदेश में आपके (इंडिगो) बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा है, लेकिन जहां तक क्षतिपूर्ति की बात है, तो वह आपको तुरंत करना चाहिए। मुआवजा न सिर्फ रद्द उड़ानों के एवज में मिले, बल्कि यात्रियों को हुई पीड़ा की भी क्षतिपूर्ति हो।% कोर्ट ने निर्देश दिया कि 22 जनवरी, जो अगली सुनवाई की तारीख है तक अगर किसी कमेटी द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है, तो उसकी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट में जमा की जाए। बेंच ने इस मामले को डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक सुना। इंडिगो के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में दिए ये जवाब सेठी– यह स्थिति फ्लाइट रोस्टर की वजह से नहीं हुई। इसके कई कारण थे। हम (कमेटी के साथ) सहयोग कर रहे हैं। कोर्ट– आपको मुआवज़ा देने के लिए कदम उठाने होंगे सेठी– हमारे खिलाफ कोई फैसला नहीं होना चाहिए कोर्ट– ये उपाय उन्होंने सुझाए हैं। आपके अलावा बाकी सभी ने सभी उपायों का पालन किया है। सेठी– 5 दिसंबर को तकनीकी गड़बड़ी समेत कई कारणों से संकट पैदा हुआ था। कोर्ट– इसकी जांच की जाएगी। सेठी– आज अपनी 90 प्रतिशत क्षमता पर वापस आ गए हैं। सीजे उपाध्याय– यह बहुत अच्छा है, लेकिन उन लोगों के बारे में सोचिए जो एक हफ्ते तक फंसे रहे। ऐसे समय में देश की इकॉनमी पर क्या असर पड़ता? सेठी– ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि चीजें हमारे कंट्रोल से बाहर थीं। कोर्ट– जैसा कि ऊपर बताया गया है, हम उम्मीद करते हैं कि एयरपोर्ट पर फंसे पैसेंजर्स को मुआवजा देने का प्रोसेस शुरू करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। कोर्ट– हमने अभी अपने ऑर्डर में आपके बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन जहां तक मुआवजे की बात है, आपको वह तुरंत शुरू करना चाहिए।

## संपादकीय Editorial

# Sanctity of Religious Sites

Punjab has taken another leap forward in religious tourism by sanctifying three of its cities. Amritsar, Damdama Sahib, Talwandi Sabo, and Kesgarh Sahib will now be so sacred that neither alcohol nor meat will be sold there. Facilities for pilgrims are being planned, including free bus tours. Strengthening the scope of religious tourism, the Punjab government has linked this region to its sanctity and uniqueness. This means that Punjab's important cities will change their conduct and behavior from a Sikh tourism perspective. In this context, Himachal Pradesh will also need to enhance the sanctity of religious sites and facilities for pilgrims. In particular, the transformation of Anandpur Sahib, along with the addition of the Naina Devi Circuit, will set an example. Along with improving the infrastructure, capacity, and facilities of religious sites, they must be streamlined to the definition of holy cities. These sites should not be merely for entertainment, but should lead a disciplined approach to displaying religious, cultural, and social values. The towns and cities associated with the Kangra, Chintpurni, Chamunda, Jwalaji, Nainadevi, Deotsidh, and Balaji Sundari complexes should be granted holy sites status with immediate effect, and alcohol and meat should be banned there. This requires policies, rules, procedures, and a governing body. Only by establishing a Religious Sites Development and Management Authority in Himachal can we achieve national and international recognition for these temples. Every year, NRIs visit some temples and offer special jewelry or gold and silver for the Mother Goddess's adornment. Nationally, people from different parts of the country express special devotion to certain Himachal temples. In this context, pilgrimages, gatherings, and Navratri festivals are organized. If these religious sites are developed within the context of religious cities and declared sacred in terms of devotion, a new era of economic development could begin. Currently, Himachal's temple sites, like other cities, are struggling to justify their existence. This creates neither harmony nor uniformity between the city and the temple system. We must learn from the changes taking place at religious sites in Punjab, following the development of South Indian temples. The focus now lies beyond temple management to the management of religious cities. A development blueprint for these cities should be developed to ensure that standards of religious sanctity are implemented in all circumstances. Furthermore, the level of facilities for devotees should be enhanced with state-of-the-art infrastructure. When the darshan scheme was launched in Chintpurni, devotees increased their income. Similarly, the standard of darshan and worship at every temple must be strengthened through the recitation of the Shroka. The Religious Town Development Board or Authority must develop a development plan for each temple site so that our religious sites, located in the Parikrama and mountainous surroundings, become a package of peace and sanctity for every visitor. Following Punjab's example, the development of Una, Paonta Sahib, and Manikaran in Himachal Pradesh can be diversified by linking them with Sikh tourism.

# There's no guarantee of timely justice, with a growing backlog of cases.

It's welcome to say that the Supreme Court is for the common man, but delays in justice are a major problem. Expensive lawyers and long dates deter the common man from approaching the Supreme Court. The backlog is growing, leading to frustration. The government and the Supreme Court must jointly take concrete steps to reform the judiciary and maintain public confidence. The Supreme Court is becoming increasingly distant from the common man. The number of pending cases is constantly increasing. Reforms in the judiciary are urgently needed. While it's welcome that Chief Justice Surya Kant stated that the Supreme Court is for the common man and that his first priority is to resolve pending cases and reduce the cost of litigation, it cannot be ignored that for a long time, judge after judge has been saying the same thing, yet the result remains the same. The harsh reality today is that the Supreme Court is becoming increasingly out of reach for the common man. Given the high fees charged by lawyers and the constant adjournment of adjournments, it's impossible for ordinary people to muster the courage to approach the Supreme Court for a hearing. Even if they somehow manage to do so, there's no guarantee of timely justice. It's a fact that, like the lower courts and high courts, the number of pending cases in the Supreme Court is also increasing. The people of the country are keenly aware of how everything is convenient for a few prominent lawyers. Who knows how their cases get prioritized? This isn't the first time a Chief Justice of the Supreme Court has promised timely justice, reduced backlog, and taken steps to reduce litigation costs. This trend has persisted for decades. Every new Chief Justice promises radical reforms to the judicial system, but experience so far shows that no fundamental change has occurred. As a result, people are becoming frustrated and rarely approach the courts. It must be understood that merely talking about reforming the judicial system will not achieve this. Concrete steps must be taken to reform the judicial system before people's faith in the judiciary is shaken. This is also necessary because a country's development depends heavily on its smooth judicial system. In a country where timely justice is not delivered, not only disputes increase, but development work is also hampered and dissatisfaction with the system grows. This leads to a tendency to disregard rules and regulations. The problem is not only at the judiciary level, but also at the executive level. After all, it is a fact that governments are embroiled in litigation with their own people. It would be better if the government and the Supreme Court come together to resolve the problem. Delay is unacceptable, as it is already too late.

# A shameful tale of arbitrariness, the DGCA's incompetence.

IndiGo, the country's largest airline, caused significant inconvenience to passengers by failing to comply with the DGCA's new regulations. The regulations were intended to protect pilots from fatigue, but IndiGo acted negligently. Passengers lost time and money due to flight cancellations and delays. IndiGo should compensate for this. The government should learn a lesson. Passengers were troubled by IndiGo's negligence. Violation of DGCA regulations resulted in a loss of time and money for passengers. It is difficult to imagine the extent to which IndiGo, the country's largest airline, has caused Indian passengers greater inconvenience over the past week. IndiGo passengers suffered because they had not made any preparations to comply with the DGCA's new regulations for safe air travel. These regulations were formulated under international standards, and all airlines were given sufficient time to implement them. The purpose of these regulations was to ensure that pilots do not exceed a certain period of duty. Safe air travel requires that pilots avoid fatigue due to long duty hours. While Air India, SpiceJet, and Akasa Airlines made adequate arrangements to comply with regulations designed to prevent pilot fatigue, IndiGo failed to do so, even after the deadline for implementing the new regulations had been extended. This demonstrates IndiGo's lack of preparedness for the new regulations. The DGCA should have monitored whether all airlines, including IndiGo, were making adequate arrangements to comply with the new regulations. It should have paid closer attention to IndiGo, as it is the largest airline in domestic air traffic, commanding over 60% market share. While the DGCA failed to fulfill its responsibility, IndiGo also failed to inform it that it was unable to comply with the new regulations or that it should be granted more time to recruit pilots and other staff. Because the DGCA failed to act promptly, IndiGo's flights began to be cancelled or delayed when the new regulations came into effect on December 1st. As the number of cancelled and delayed flights began to reach hundreds, the number of distressed passengers also increased. The cancellation of a large number of IndiGo flights also led to higher airfares. Thousands of passengers not only failed to reach their destinations on time but also had to pay additional fares. The amount of time and money wasted due to the DGCA and IndiGo's negligence should not only be assessed, but compensation should also be sought. Someone should approach the court for this. It's pointless for IndiGo to simply express regret and consider its duty fulfilled. If it isn't forced to compensate for the wasted time and money, its attitude will be difficult to improve. IndiGo should be held accountable at some level because it deliberately created the circumstances that caused inconvenience to passengers and also forced the DGCA to reverse its decision to implement new regulations that were necessary for air travel safety. The DGCA should realize that serious questions have been raised about its competence and credibility as a regulatory body. The Indian aviation market is currently the third largest in the world. Air passengers rely heavily on IndiGo and Air India. It is clear that IndiGo employed a strategy to pressure the DGCA and deliberately cancelled more flights than necessary. This must have been due to its overriding concern for profits. Of course, every company has the right to be concerned about its profits, but that does not mean that a company should exploit its monopoly position in the market and not comply with regulatory regulations that are essential for public safety. If IndiGo had wanted, it could have easily recruited the necessary pilots and staff to comply with the DGCA's new regulations, but it seems it assumed that the DGCA would not be able to exert pressure on it beyond a certain limit. Whatever the truth, it's not enough that the government has ordered an investigation into the entire matter, as the DGCA has had to postpone the implementation of the new regulations for two months. This will send a message to the nation and the world that India is not vigilant about safe air operations. In the case of IndiGo, it cannot be ignored that it has previously been known for its lack of concern for passenger comfort. IndiGo travelers complain that its crew members are rude and don't offer the same leeway as other airlines. Despite these complaints, passengers preferred to fly with IndiGo because of its punctuality. This led to IndiGo's growing market share, but this increased share has now become a problem. Whatever the DGCA claims, by suspending its flights instead of implementing the new regulations, IndiGo not only inconvenienced people but also forced it to capitulate. It is not a good situation when a company, relying on its large market share, acts arbitrarily and even gives its approval to the regulatory body. This could render the airline unable to implement necessary decisions. Even though the Civil Aviation Minister claims that the decision to postpone new aircraft operating regulations has been made without compromising safety, the fact remains that pilots will have to operate aircraft with less comfort. The government must learn from the crisis caused by IndiGo's behavior and ensure that airlines purchasing new aircraft are allowed to operate only if they demonstrate their ability to comply with the necessary regulations.



# प्रिंस की हत्या में शामिल पांच आरोपियों को 12 घंटे में पकड़ा, भेजा जेल

मुरादाबाद । लाइनपार रामेश्वर कॉलोनी निवासी प्रिंस चौहान की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपियों



की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी और प्रशांत की हत्या में शामिल पांच आरोपियों को पकड़ कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां उन्हें जिला कारागार भेजा गया है। मझोला कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुख्य दो आरोपी फरार है। जिनकी तलाश में पुलिस कई टीमें लगाई गई है। उन्होंने बताया कि पांच नामजद अभियुक्त पर पहले भी गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक थाना मझोला कोतवाली आरपी सिंह ने बताया कि रविवार रात को प्रिंस चौहान की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। षड्यंत्र बनाने के आरोपी प्रशांत सैनी और अभिषेक जाटव फरार है। पकड़े गए आरोपियों में मयंक गुर्जर पुत्र स्मेन्द्र सिंह, निवासी रेलवे साऊथ कॉलोनी, मोहन पुत्र राजेन्द्र, निवासी हनुमान नगर, भीम सैनी पुत्र चरन सिंह,अर्जुन सैनी पुत्र चरन सिंह, निवासी शिवाजी नगर,यश सैनी पुत्र महेन्द्र सिंह, निवासी लक्ष्मी नगर, शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि न्यायालय से उन्हें जेल भेज दिया गया है।मयंक गुर्जर के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा मारपीट के मामलों में दो मुकदमे दर्ज हैं। मोहन के खिलाफ पांच मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, अपहरण, हत्या, बलवा एवं एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराएं शामिल हैं।भीम सैनी, अर्जुन सैनी और यश सैनी के खिलाफ भी बीएनएस की धाराओं में मामले दर्ज हैं। वहीं प्रिंस सैनी के शव का पोस्ट मार्टम के वक्त परिजनों के अलावा मोहल्लेदारों और रिश्तेदारों की भारी भीड़ जमा थी। पोस्टमार्टम के बाद प्रिंस के शव को भारी पुलिस की निगरानी में उसके घर तक पहुंचाया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने देहरादून में परीक्षा में गड़बड़ी की खबरों का किया खंडन

मुरादाबाद । रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड 27 नवंबर से सीईएन 8/2024 के तहत लेवल-1 भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट एक सुरक्षित और कड़ी निगरानी में आयोजित कर रहा हैं। 2 दिसंबर को देहरादून में आईक्रिएट साल्यूशन टेस्ट सेंटर पर परीक्षा की दूसरी शिफ्ट में एक उम्मीदवार द्वारा नकल के प्रयास का मामला सामने आया है। रेलवे प्रशासन ने कुछ मीडिया रिपोर्ट्स को लेकर कहा कि देहरादून क्षेत्र की भर्ती प्रक्रिया में लेवल 1 के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी की खबर प्रकाशित की गई थी। रिक्रूटमेंट बोर्ड ने मीडिया में प्रकाशित खबरों का खंडन किया है। जिनमें लेवल-1 के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी का सुझाव दिया गया है। बताया कि देहरादून के एक सेंटर में परीक्षा के दौरान सीसीटीवी निगरानी में विवेक नाम का एक उम्मीदवार बार-बार अपने पास रखी एक पर्ची को देखता हुआ मिला। परीक्षा अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके पास से एक हाथ से लिखी पर्ची बरामद की। पूछताछ में उम्मीदवार ने कबूल किया कि यह पर्ची उसे टेस्ट सेंटर के बाहर किसी व्यक्ति ने दी थी, जिसने उसे यह विश्वास दिलाया था कि इसमें सही जवाब हैं। ,रामद पर्ची में केवल 1 से 4 तक के अंक लिखे थे और परीक्षा से उसका कोई लेना-देना नहीं था, क्योंकि प्रश्न और उत्तर के विकल्प हर उम्मीदवार के लिए अलग-अलग और रैंडम तरीके से भरे जाते हैं। ऐसी पर्ची से कोई फायदा नहीं हो सकता था, जिससे पता चलता है कि उम्मीदवार को बाहरी लोगों ने धोखा दिया था। प्रक्रियाओं का पालन करते हुए देहरादून के पटेल नगर पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला पुलिस जांच के तहत है। सुरक्षित तरीके से रखे जाते है प्रश्न पत्र- बोर्ड के अनुसार प्रश्न पत्र पूरी तरह से सुरक्षित तरीके से बनाए, स्टोर किए और दिए जाते हैं। मामला व्यक्तिगत दुर्व्यवहार को दर्शाती है, न कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी तरह की सेंध को।

# लाखों की ठगी में 6 साल से फरार 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

मुरादाबाद । लाखों रुपये 6 साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी को प्रेमनगर पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने प्लॉट देने का सपना दिखाकर लोगों के साथ ठगी की थी। इस मामले में प्रेमनगर पुलिस चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी थी। कोतवाली स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि 2010-11 में प्रेस्टीज इंफ्रा डेवलपर्स और तथाकथित प्रेस्टीजियस आवासीय समिति के नाम पर चौधरी कॉम्प्लेक्स से कंपनी चलाई गई। प्लॉट देने का झांसा देकर लोगों से किस्तों में मोटी रकम वसूली गई। भरोसा बढ़ाने के लिए पूरे स्टाफ में रिश्तेदारों को ही बैठाया गया। 2019 में मामला खुला तो प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ हुआ था।



इसमें चार आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी थी, लेकिन पवन शर्मा 6 साल से फरार चल रहा था। उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। प्रेमनगर पुलिस ने मंगलवार सुबह को पवन शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी गली नंबर 4 पीतलनगरी कालोनी थाना कटघर जिला मुरादाबाद को झुमका चौराहा से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रेमनगर इंस्पेक्टर प्रयागराज सिंह, दरोगा मो सरताज, आशीष कुमार, कांस्टेबल अनित और अनुराग शामिल रहे। हैदराबाद में भी किया था 1 करोड़ 10 लाख का साइबर फ्राड- एसपी सिटी ने बताया कि पवन शर्मा ने ने हैदराबाद में भी एक करोड़ 10 लाख रुपये का साइबर फ्राड किया था। इसमें वह गिरफ्तार भी हुआ था। इसके बाद उसने 2010-11 में प्रेमनगर क्षेत्र के कृष्णलीला काम्पलेक्स में कंपनी खोली। इसमें वह लोगों से पैसे लेकर प्लॉट देने का झांसा देकर किस्त के रूप में पैसे लेते थे। कंपनी में ज्यादातर स्टाफ उनके रिश्तेदार और परिवार के लोग ही थे। लोगों का पैसा लेकर वह बरेली से निकल गया। पुलिस से बचने के लिए एक जगह पर दो से तीन माह ही किराये पर रहता था। पकड़े गए आरोपी पर शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, वाराणसी, पीलीभीत, खीरी और कासगंज में अलग-अलग 12 मुकदमे दर्ज हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के दिए निर्देश जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मुरादाबाद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।



बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को डाटा अपडेशन पर विशेष ध्यान देते हुए ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डाटा अपडेशन से रैकिंग में सुधार आता है और जनपद की स्थिति अच्छी बनी रहती है। उन्होंने सभी कार्यदायीं संस्थाओं को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। निर्माण परियोजनाओं को हैण्डओवर करने से पूर्व ही समस्त कार्य दुरस्त हों, इसको सुनिश्चित भी किया जाये। कार्यदायीं संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौण्डा के सुदृढ़ीकरण में भौतिक प्रगति मात्र 53 प्रतिशत होने पर तथा पेड़ों की कटाई की प्रक्रिया धीमी गति पर होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह में पेड़ कटाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजकीय पौधशाला फहेतउल्लागंज निर्माण परियोजना के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उ.प्र. जल निगम ग्रामीण द्वारा रुस्तमनगर सहसपुर में सोलर पैनल एवं मिट्टी भराव का कार्य कैम्पस में शेष रहने पर जिलाधिकारी ने जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम द्वारा गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र मुरादाबाद के प्रशासनिक भवन, छात्रावास, आवासीय भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति 75 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाकर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उ.प्र. जल निगम नगरीय, यूपी सिडको, सीएनडीएस, उ.प्र. पर्यटन विकास निगम, उ.प्र. राज्य सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग,प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड प्रथम लोक निर्माण विभाग, नलकूप विभाग, उ.प्र. वक्फ विकास निगम लिमिटेड, पैकफेड आदि कार्यदायीं संस्थाओं द्वारा जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के साथ साथ अपर नगर आयुक्त, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक उपस्थित रहें।

# 17 दिसंबर को मुरादाबाद की तहसील सदर में आयोजित होगा पेंशनर्स दिवस

जिले में 17 दिसंबर 2025 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर 2025 को तहसील सदर मुरादाबाद के सभागार में पूर्वाहन 11ः00 से आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस में पेंशनर्स की समस्याओं एवं शिकायतों को चिन्हित करते हुए उनका समाधान कराया जाएगा। ,उन्होंने जिले के सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भी पेंशनर्स दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे ताकि उनके कार्यालय से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उप श्रमायुक्त श्री दीप्तिमान भट्ट के निर्देश पर तथा सहायक श्रमायुक्त के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा जनपद मुरादाबाद के सीतापुरी एवं नेता कालोनी, करूला सम्भल रोड में बाल एवं किशोर श्रमिक चिन्हांकन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 03 प्रतिष्ठानो से 03 बाल श्रमिको एवं 01 किशोर श्रमिक का चिन्हांकन किया गया। चिन्हित समस्त 03 बाल श्रमिकों को उनकी आयु परीक्षण के लिए सम्बन्धित श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात् उनकी सुपुर्दगी हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही की गयी। प्रतिष्ठान के नियोजको द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अधिनियम का उल्लघंन किये जाने के कारण सम्बन्धित नियोजको के विरूद्ध अधिनियम के अन्तर्गत निरीक्षण टिप्पणी निर्गत कर मौके पर ही हस्तगत करा दी गयी है तथा प्रकरण में निरीक्षण उपरान्त अग्रिम कार्यवाही अपनायी जा रही है। उप श्रमायुक्त द्वारा नियोजको को भविष्य मे बाल एवं किशोर श्रमिकों से कार्य न लिये जाने हेतु सचेत भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

# टक्कर के बाद बाइक से गिरा दो साल का मासूम, ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर मौत

मुरादाबाद । मंगलवार देर शाम टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में दो वर्षीय बच्चे अमन उर्फ बबलू की मौत हो गई। बच्चा अपनी माता और मामा के साथ दवा लेकर घर लौट रहा था, तभी उनकी बाइक को एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। इसके बाद बच्चा ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने बताया कि चौकी क्षेत्र के गांव लोदीपुर नायक निवासी दिलशाद की पत्नी अपने भाई जुबैर के साथ और दो वर्षीय बेटे अमन उर्फ बबलू की टांडा से दवा लेकर लौट रही थी। वापसी में टांडा दढ़ियाल मार्ग पर गांव मोहनपुरा में एक होटल पर खाना खाने रुके थे। होटल से निकलने के बाद उनकी बाइक को पीछे से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जुबैर की बाइक असंतुलित होकर गिर गई और बच्चा अमन उर्फ बबलू मां से दूर जा गिरा।

इसी दौरान पीछे से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बच्चे को कुचलते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत बच्चे को मौके पर मौजूद एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन अमन उर्फ बबलू को मुरादाबाद ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया,रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल है,समाचार लिखे जाने तक बच्चे का शव घर नहीं पहुंचा था।

# देवबंद थाना प्रभारी नरेश शर्मा के समर्थन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच /सिकंदर राजा / ,देवबंद थाना प्रभारी नरेश शर्मा के समर्थन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक, वायरल वीडियो की निष्पक्षा जांच की मांग अखिल भारतीय ब्राह्मण




महासभा ने अपने कैंप कार्यालय आशियाना पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें देवबंद के तत्कालीन थाना प्रभारी नरेंद्र शर्मा के समर्थन में गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंडित करान वीर शर्मा ने की, पंडित करान वीर शर्मा ने बताया कि देवबंद थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी नरेंद्र शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया,

जिसके आधार पर उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है और उसमें वास्तविकता से भिन्न बातें दर्शाई गई हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो में ऐसा कुछ नहीं था जिससे कार्रवाई बनती हो। किसी ने जानबूझकर वीडियो एडिट कर अफवाह फैलाई है। ब्राह्मण समाज इसकी कड़ी निंदा करता है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराई जाए और नरेंद्र शर्मा को पूरे मान-सम्मान के साथ दोबारा बहाल किया जाए। ,बैठक में जिला संगठन मंत्री एडवोकेट अभिनव भट्ट ने भी गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि आजकल,ढ्ढ का दौर है, इसमें कोई भी वीडियो एडिट कर किसी की भी छवि खराब कर सकता है। नरेंद्र शर्मा को गलत तरीके से निशाना बनाया गया है।卐 उन्होंने बताया कि नरेंद्र शर्मा मुरादाबाद से जुड़े हुए हैं और वे उनके स्वभाव तथा कार्यशैली से भली-भांति परिचित हैं। अभिनव भट्ट ने स्पष्ट किया कि वायरल हुआ वीडियो दरअसल एक शांति समिति की बैठक का था, जिसमें थाना प्रभारी ने कहा था कि आतंकवादी किसी धर्म का नहीं होता। लेकिन वीडियो को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया, जिससे उनका गलत अर्थ निकाला गया और उनके खिलाफ कार्रवाई हो गई। ब्राह्मण महासभा ने एकजुट होकर इस प्रकरण में पुलिस प्रशासन और सरकार से निष्पक्ष जांच तथा तुरंत बहाली की मांग की है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद का पलटवार, कहा- सपा नमाजवादी पार्टी है



क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी नमाजवादी और परिवारवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बड़ी जीत हासिल करेगी। सपा के अहंकार को चकनाचूर करेगी। कहा कि लाल टोपी पहले बहुत उछल कूद रहे थे। बिहार चुनाव के बाद दिखाई नहीं दे रहे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद बुधवार को बरेली पहुंचे थे। उन्होंने यहां झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की। प्रेसवार्ता में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा चार विधानसभा चुनाव जीत चुकी है। पश्चिम बंगाल में भी कमल खिलेगा। एसआईआर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और टीएमसी मतदाता सूची के शुद्धिकरण से बौखलाई हुई हैं। ये दल घुसपैठियों को अपना रिश्तेदार मानते हैं। सपा समेत विपक्षी दलों की मंशा पूरी नहीं होगी। विपक्ष को अपने वोटबैंक की चिंता% केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि संसद में वंदे मातरम् की 150 वर्षगांठ पर चर्चा में विपक्ष का रुख नकारात्मक रहा। इनको अपने वोटबैंक की चिंता है। कहा कि सपा मुस्लिम तुष्टिकरण की घटिया राजनीति करती है। समाजवादी पार्टी ने राजनीति का अपराधीकरण किया था। भाजपा ने राजनीति को अपराध मुक्त किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव वंदे मातरम् का गान करें और अपने कार्यकर्ताओं से भी गान कराएं।

# हत्या में आरोपी साथी को आजीवन कारावास, परिजनों को मिलेगा मुआवजा

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। मढ़ी पर रहने वाले साधु की गला दबाकर हत्या कर शव को कुंए में फेंकने के आरोपी साथी और मढ़ी पर रहने वाले अलीगंज परपरागंज निवासी चन्दन गिरि उर्फ चन्दरपाल कश्यप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार सिंह ने आरोपी को दोषी पाते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की पूरी रकम मृतक के परिजनों को बतौर मुआवजा दी जाएगी। सरकारी वकील हरेन्द्र राठौर ने बताया कि वादी मुकदमा थाना शाही औरंगाबाद निवासी रमेश चन्द्र दिवाकर ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया था कि 17 फरवरी 2014 को अखबार पढ़ा और सूचना पर मैं पूरनलाल, विक्की दिवाकर, गंगाचरन गंगवार व दीपचन्द्र सक्सेना के साथ थाना बहेड़ी पर आया। वहां पर फोटो व कपड़ो की पोटली खोलकर हमें दिखाए तो फोटो व कपड़े देखकर हम सबने पहचाना कि यह कपड़े और फोटो मेरे बड़े भाई बाबूराम दिवाकर के हैं। बड़े भाई बाबूराम साधू हो गए थे, इसलिए वह अपना नाम बाबूराम गिरि लिखते थे और यही नाम उन्होंने अपने बांये हाथ पर गुदवाया हुआ था।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे बरेली का दौरा, अफसरों ने शुरू की तैयारी



क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 दिसंबर को मंडलीय समीक्षा बैठक के लिए बरेली का दौरा करेंगे। मुरादाबाद जाने के दौरान उन्होंने सोमवार को बरेली एयरपोर्ट पर चेंजओवर किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए मौजूद जन प्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं से मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर कोई कोर-कसर न छोड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता यह देखें कि एसआईआर का फॉर्म भरने से कोई पात्र मतदाता बचने न पाए। 11 दिसंबर तक घर-घर संपर्क कर एसआईआर का फॉर्म पात्र मतदाताओं से भरवाएं। कहीं कोई दिक्कत आए तो एसआईआर के काम में लगे अफसरों से बातचीत कर उसका समाधान कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरसंभव प्रयास यह करें कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को जरूर मिले। मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर उमेश गौतम, एमएलए डीसी वर्मा, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, सांसद प्रतिनिधि दुष्यंत गंगवार सहित अन्य नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जेठ ने कमरे में खींचकर महिला के साथ की अश्लील हरकत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पूरनपुर-पीलीभीत।पति की गैर मौजूदगी में ससुराल गई महिला के साथ जेठ ने गाली गलौज करते हुए कमरे में खींचकर अश्लील हरकतें की मुकदमा दर्ज।आरोप है जेठ आए दिन घर के सामने खड़े होकर गाली गलौज करता है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति अधिकतर बाहर रहता है। उसके ससुराल वाले उसको लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पति की गैर मौजूदगी में ससुराल वाले विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता ने कई बार पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी।दो महीने पहले महिला मायके से अपनी ससुराल में कपड़े लेने गई थी। आरोप है सास ने उसे घर में घुसने से मना कर दिया। विरोध पर सास ने अपने बड़े बेटे मो.उमर को घर बुला लिया। आरोप है जेठ ने महिला के साथ गाली गलौज की। घर के अंदर जाने पर जेठ उसे कमरे में जबरदस्ती खींच ले गया और अश्लील हरकतें की। इसकी सूचना महिला ने पुलिस को दी लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है जेठ आए दिन महिला के मायके में घर के सामने खड़े होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने सीओ को प्रार्थनापत्र देकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मो.उमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# जाम से निपटने में नगर निगम भी देगा यातायात पुलिस का साथ



क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर में जाम प्रमुख समस्याओं में से एक है। इसको लेकर अब नगर निगम और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की योजना बनाई है। शहर की व्यस्त सड़कों पर खड़े बेतरतीब वाहनों को सीज करने के लिए नगर निगम टोईंग वाहनों की खरीद करने जा रहा है। वाहन खरीद के लिए टेंडर प्रकिया जल्द आरंभ की जाएगी। निगम अधिकारियों के अनुसार, बीते दिनों कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कमिश्नर ने शहर में जाम की समस्या के लिए नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने और अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। मंडलायुक्त के आदेश के बाद नगर नगर निगम हरकत में आया है और नो पार्किंग जोन खड़े वाहनों को सीज करके कार्रवाई करने के लिए 80 लाख रुपये से दो टोईंग वाहन खरीदेगा। इन वाहनों के आने के बाद नगर निगम के अधिकारी यातायात पुलिस के साथ मिलकर जाम का सबब बनने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। इस माह के अंत तक दोनों वाहनों की खरीद की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि दो टोईंग वाहनों की खरीद की जा रही है। इसकी प्रक्रिया आरंभ होने वाली है। यातायात पुलिस के सहयोग से निगम की टीम भी इस अभियान में शामिल रहेगी।

# मुफ्त आईफोन और गिफ्ट्स के लालच में गंवाई मोटी रकम

## ऑनलाइन ऑफर के नाम पर ठगा

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। आईफोन समेत व गिफ्ट के लालच में फंसे एक व्यक्ति से साइबर ठगों ने करीब एक लाख की ठगी कर ली। इस मामले में थाना इज्जतनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। व्यक्ति को साइबर ठगों ने पहले लालच दिया फिर रकम वसूल ली। ऑनलाइन ऑफर देकर ठगों ने मोटी रकम वसूली है। इस मामले में पुलिस को सूचना दी गई। मामले में मिली जानकारी के अनुसार नगरिया परीक्षित निवासी महेश कुमार शर्मा ने कहा है कि छह दिसंबर की शाम एक व्यक्ति ने फोन करके कहा कि वह रोहिणी, दिल्ली स्थित जेजे कम्युनिकेशन से मनीष जैन बोल रहा है। उन्होंने ऑनलाइन एक ऑफर जीता है, जिसमें आईफोन, गोल्डन घड़ी, हेडफोन और जेजे बैग शामिल है। फिर उसने रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 1520 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद ठग ने 74138 रुपये का बिल व्हाट्सएप पर भेजा और इंश्योरेंस फीस के नाम पर 6446 रुपये जमा कराए। यह रकम गलत ट्रांसफर होने की बात कहकर दो बार 6400-6400 रुपये और ट्रांसफर करा लिए। बताया जा रहा है कि इसके बाद मनी टू मनी स्वैपिंग के जरिये रकम वापस भेजने का झांसा देकर 58000 रुपये के तीन अन्य ट्रांसफर कराए। इस तरह ठग ने उनसे 98766 रुपये ट्रांसफर करा लिए और फिर 98 हजार की डिमांड करने लगा। इसके बाद उन्हें अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की और थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर शिकायत दर्ज कर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच शुरू कर दी है। जल्द मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का संसार' का सिविल लाइंस में हुआ भव्य उद्घाटन

## झारखंड के गवर्नर संतोष गंगवार ने किया उद्घाटन





क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। सिविल लाइंस चौपुला रोड स्थित शादी का संसार शोरूम का भव्य उद्घाटन मंगलवार को झारखंड के गर्वनर संतोष गंगवार ने रिबन काटकर किया । इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरून कुमार, विधायक एमपी आर्या, विधायक राघवेन्द्र शर्मा समेत शहर के अन्य गणमान्य लोगों ने शामिल होकर उद्घाटन कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। इस मौके पर मुकेश जैन ने बताया कि सन 2006 में हमने प्रसाद सिनेमा भवन, सिविल लाइंस में इरिश आउटफिट नामक एक छोटी-सी दुकान के माध्यम से अपनी व्यावसायिक यात्रा प्रारंभ की थी। जो कि सभी के सहयोग से आगे बढ़ती रही। इसी विश्वास के बल पर हमारे द्वारा हल्द्वानी, काशीपुर, पिथौरागढ़, अलीगढ़, देहरादून एवं पीलीभीत जैसे प्रमुख नगरों में मान्यवर, मॉन्टे कार्लो, लिबर्टी, रेमंड्स एवं ब्लैकबेरी जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अपने भव्य शोरूम स्थापित किए गए। इसी सफलता क्रम में, लगभग 10 वर्ष पूर्व बरेली सिविल लाइंस, चौपला रोड पर मान्यवर एवं रेमंड्स के सहयोग से एक भव्य शोरूम स्थापित किया था। उसी शोरूम को पूर्णतः पुनर्निर्मित कर शादी का संसार' नाम से शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे इस शोरूम पर मान्यवर का विशेष विवाह एवं पार्टी वियर कलेक्शन, रेमंड्स का प्रीमियम फैब्रिक एवं रेमंड्स एथनिक कलेक्शन। ब्लैकबेरी की विशाल प्रीमियम रेंज उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा इरिश की शेरवानी एवं डिज़ाइनर ड्रेसेज़। इटालियन फैब्रिक की बड़ी रेंज (बरेली में पहली बार)। यहां उपलब्ध होगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं श्रीमती शोभा जैन, मुकेश, अंकिता जैन, मयूर, तनु जैन, आकाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच/ बीसलपुर-पीलीभीत। पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर के मोहल्ला बख्तावर लाल निवासी प्रीती सक्सेना पुत्री स्व संजय सक्सेना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि दीपक सक्सेना व राज सक्सेना ने उसके घर में घुसकर मारपीट की किसी तरह महिला ने पड़ोसी के घर में घुसकर अपनी जान बचाई पुलिस ने तहरीर के आधार पर दीपक सक्सेना व राज सक्सेना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।


प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

### नगदी व दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को किया बेघर

**राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर मुकदमा दर्ज**

क्यूँ न लिखूँ सच/ बीसलपुर-पीलीभीत। शादी के चार साल बाद दहेज लोभियों ने विवाहिता से तीन लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग रख दी असमर्थता जताने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर पुलिस ने पति, सास, ससुर सहित नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर के मोहल्ला दुबे निवासी प्रियंका पत्नी रामबाबू पुत्री स्व लालाराम ने राष्ट्रीय महिला आयोग को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी शादी चार साल पहले बीसलपुर निवासी रामपाल के पुत्र रामबाबू से हुई थी जिसमें उसकी मां ने आठ लाख रुपए खर्च किए थे लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपए की मांग करने लगे इस दौरान विवाहिता ने एक बेटी को जन्म दिया लेकिन ससुराल वाले लगातार विवाहिता को मार-पीट कर प्रताड़ित करते रहे विवाहिता की तहरीर पर राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर पुलिस ने पति रामबाबू, कुंवर पाल, जितेंद्र, रामकुमार, देवश्री, बड़ी जेठानी नाम अज्ञात, सर्वेश, ऊषा, आरती सहित नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### कमरे में सो रही महिला के साथ जेठ ने किया दुष्कर्म का प्रयास

